has also been found as secondary deposit in some blocks of Darmoguda village. The investigations are still in progress. The exploration of these ore deposits will depend on firm assessment of reserves and their economic viability.

SHRI K. PRADHANI : The Hon. Minister in her reply has stated that the Geological Survey of India has conducted the survey regarding tin ore reserves in the Koraput district of Orissa. The State Government of Orissa also say that the Mining Directorate is proceeding with the case of investigation. May I know from the Hon. Minister whether the Government of India and the Goverment of Orissa are proceeding with the investigation of the case independently or are they do it in co-ordination with each other. Further, I would like to know from the Hon. Minister what is the quantity of tin ore reserve estimated so far and when the investigation is likely to be completed.

SHRIMATI RAM DULARI SINHA : Illegal mining in the Koraput district of Orissa was brought to the notice of the Government and the Department of Mines had a meeting in this regard last December, 1981.

The State Government has been alterted and it is a law and order problem and this relates to the State Government of Orissa. (*Interruptions*) In tensive exploration work has already been carried out in Koraput district of Orissa by the Geological Survey of India and by the State Director of Mining and Geology.

So far about 300 tonnes of ore has been obtained in Mandak Block of Koraput district.

Intensive exploration work is continuing.

SHRI K. PRADHANI: In view of the fact that tin ore is costly and that we are importing this from other countries, I would like to know whether the Government would expedite the investigation work in this regard and see that this work is carried on as easily as possible. May I know the approximate date by which this exploration work would be completed ?

SHRIMATI RAM DULARI SINHA : Exploration work for tin deposit is going on since 1975 and we have chalked out a time-bound programme of five years of further intensive exploration.

श्री कृष्ण प्रताप सिंह : मैं जानना चाहता हूं कि पिछले दो वर्षों में किन-किन देशों से कितना टिन आयात किया गया है और क्या उस आयात को कम करने के लिए सरकार बिहार में भी इस तरह का कारखाना खोलने पर विचार कर रही है ।

श्रीमती राम दुलारी सिन्हा : एक टिन का कारखाना खोलने के लिए 25,000 टन टिन ओर की आवश्यकता होती है । अभी हमारे देश में 3200 टन एस्टीमेटिड टिन डिपाजिट है, जिनमें से 2900 टन मध्य प्रदेश में है और 300 टन उड़ीसा में है । इतने से टिन की फैक्टरी नहीं खुल सकती है । जहां तक इम्पोर्ट का सम्बन्ध है, हम मेनली मलयेशिया से इम्पोर्ट करते हैं और कुछ इन्दोनीसिया और वियतनाम से करते हैं । अगर फिगर्ज जानने की आवश्यकता है, तो मैं बता सकती हूं ।

**Increase in number of unemployed**

*802 SHRI MOHAMMAD ASRAR AHMAD :
SHRI B. V. DESAI :

Will the Minister of LABOUR be pleased to state :

(a) whether he is aware of reports that the number of unemployed has trebled during the last ten years;

(b) if so, what is the Government reaction thereto; and

(c) what will be the outcome of the schemes drawn up and being implemented to tackle the problem of unemployed towards the end of Sixth Plan?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF LABOUR: (SHRI DHARMAVIR) : (a) Precise estimates of the increase in the number of unemployed during the last ten years are not available. However, according to Live Register Statistics, the number of job-seekers registered with the Employment Exchanges (all of whom are not necessarily unemployed) increased from 51 lakhs at the end of December, 1971 to 178 lakhs at the end of December, 1981.

(b) and (c). A statement is laid on the Table of the House.

**Statement**

One of the major objectives of the Sixth Five Year Plan is a progressive reduction in the incidence of poverty and unemployment. A number of programmes being implemented as part of the Plan have a large employment potential, some of which are listed in Annexure. Others which have a large employment potential for the educated are expansion of the agricultural extension system, agricultural research programmes, schemes for agricultural census and farm management studies, technical and infrastructural aspects of the Operation Flood II Project, inland fishery project, survey, planning, monitoring, etc. activities of Block Level Planning, etc. The decentralised strategy for manpower planning and employment generation that is being adopted through the setting up of District Manpower Planning and Employment Generation Councils and the New Deal for the Self-employed are important features of the Plan. The Plan document estimates that the Plan would generate employment opportunities equivalent to 3.4 crore standard person years.

PROGRAMMES AND POLICIES PROPOSED TO BE ADOPTED FOR EMPLOYMENT GENERATION IN THE SIXTH FIVE YEAR PLAN

1. Generation of increasing employment opportunities in agriculture and allied sectors through massive irrigation programmes (with a high component of minor irrigation), improved availability of agricultural inputs especially for small farmers etc.

2. Extension of the Integrated Rural Development Programme to all the blocks in the country. This has already been done. About 15 million families would be benefited during 1980-85 by this Programme and brought above the poverty line.

3. Operation Flood II Dairy Development Project is expected to benefit about 8 million basically milk producing families during the Sixth Plan period. Other dairy development schemes would also benefit about 5 million additional families.

4. Development of fisheries.

5. The National Rural Employment Programme (NREP) covers all the blocks in the country and would provide wage employment particularly during the slack agricultural season. About 300 to 400 million man-days of employment per year would be generated by the Programme.

6. The plan allocations for small scale, Khadi & Village industries, sectors which provide the largest number of jobs in the rural areas next to agriculture, have been increased. Programmes of assistance for the development of Khadi & Vallage and Small industries including handlooms, handicrafts, sericulture, etc.

are expected to benefit an additional 9 million persons during the plan period.

7. Various components of the Minimum Needs Programmes are likely to generate considerable employment in construction industries and the expansion of the infrastructure and social services brought about by the Programme would also generate substantial indirect employment.

8. The TRYSEM would train 2 lakh rural youth every year equipping them for self-employment and these persons would be assisted in setting up their own ventures. The Special Employment Schemes being implemented by several State Government would be further strengthened and extended.

9. Works for environmental sanitation, slum improvement, tree plantation, construction of houses for the economically handicapped etc. would help to increase the income of the unemployed urban poor.

10. An important feature of the Plan is the decentralised strategy for manpower planning and employment generation being adopted. The District Manpower Planning and Employment Generation Councils being set up would draw up strategies and plans for employment generation in the districts based on the scientific utilisation of local resources. The Councils will be provided with appropriate professional support and be actively assisted by the District Employment Exchanges, District Industries Centres, District Agricultural Offices. Lead Banks and others in their task.

11. A New Deal for the self-employed is another important feature of the Sixth Plan. It is a package of policy measures consisting of guidance, credit facilities, training, marketing and other measures for promoting self-employment of individuals and groups of individuals.

**श्री मोहम्मद असरार अहमद :** मान्यवर, विधान सभाओं में, इस सदन में, सभी जगह बेरोजगारी के सम्बन्ध में समय-समय पर चर्चा होती रही है। मंत्री महोदय ने बताया है कि बेरोजगारी की समस्या को हल करने के लिए 11 योजनायें बनाई गई हैं। मगर जो मंत्री जी ने यह जवाब दिया है वह 11 योजनायें उससे सम्बन्धित नहीं हैं। दो वर्ष गुजर गए, मालूम नहीं कि उनके पास कोई आंकड़े हैं या नहीं कि कितने लोगों को रोजगार देना चाहिए था और कितनों को मिला वह भी आंकड़े हमें नहीं दिए गए हैं। क्या इस पर भी सरकार विचार करेगी कि ये आंकड़े इकट्ठा करके सदन को बताया जाय ?

दूसरे, इन्होंने जिला स्तर पर, प्रान्तीय स्तर पर और केन्द्रीय स्तर पर कोई मानिटरिंग कमेटी बनाई है या नहीं ? अगर बनाई है तो उनसे क्या-क्या लाभ उठाया है यह बताने का कष्ट करें ?

**श्रम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भागवत झा आजाद) :** अध्यक्ष महोदय, जिन योजनाओं का उन्होंने स्वयं उल्लेख किया है उसमें यह दिया हुआ है कि पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत जो योजनायें चलाई जायेंगी और जिन 11 का उल्लेख उन्होंने किया उसमें किसके अन्तर्गत कितना अधिक रोजगार मिल सकता है। उदाहरणार्थ जैसे पहली योजना है एक्सटेंशन आफ इंटीग्रेटिड रूरल डेवलपमेंट स्कीम, एकक ग्रामीण विकास योजना, उसके अन्तर्गत 1 करोड़ 50 लाख परिवारों को 1980-85 में फायदा होगा। दूसरे, यह आपको जानना चाहिए कि किस तरह इन

योजनाओं को विभिन्न विभागों द्वारा चलाया जाता है······(व्यवधान) यह तो आप के समझने का फेर है कि आपको शून्य दिखाई देता है······(व्यवधान)······पहले आप कह लीजिए, फिर मैं कहूंगा।

MR. SPEAKER : He is not allowed. You are answering to Mr. Ahmed's question.

श्री भागवत झा आजाद : जैसा मैंने बताया कि इस बात का स्पष्ट द्योतक यह है कि रोजगार में वृद्धि हुई है कि पिछले दो वर्षों में इस देश की आर्थिक व्यवस्था में चाहे औद्योगिक हो, चाहे कृषि हो वृद्धि हुई है। 1299 मिलियन टन कृषि में हमारी उपज हुई है और इंडस्ट्रियल क्षेत्र में 8 परसेंट हुई है। इस प्रकार अनेक आंकड़े जो सदस्य ने स्वयं मान लिए हैं वे आंकड़े इस बात के द्योतक हैं कि यह सारी कृषि और उद्योग में वृद्धि एम्प्लायमेंट के बिना और काम में वृद्धि के बिना नहीं हो सकती है। इस पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत जब यह प्रारम्भ हुई तो 1.2 करोड़ का बैकलाग था। हम यह कहना चाहते हैं कि 1980-85 की छठी योजना के अन्तर्गत हम 3.4 करोड़ स्टैण्डर्ड परसन ईयर को रोजगार उपलब्ध करेंगे और यह सम्भव है कि इसी वर्ष बाजार में इतने व्यक्ति आयेंगे। छठी पंच वर्षीय योजना के अन्तर्गत सम्भावनायें यह हैं कि जो हमारे पास 1.2 करोड़ का बैकलाग है और जो फ्रेशर्स बाजार में आयेंगे लगभग 3.4 करोड़ के उनको हम रोजगार मुहैय्या कर सकेंगे। यह कहना अभी तत्काल सम्भव नहीं है कि किस योजना में कितना काम दिया गया लेकिन यह हम स्पष्ट कहना चाहते हैं कि योजना में रोजगार मिल रहा है।

श्री मोहम्मद असरार अहमद : मैंने यह पूछा था कि किस-किस विभाग में ये जो योजनायें हैं उनके अन्तर्गत कितनी जगहों को क्रियेट करना था और उस में से दो वर्ष में कितनी जगहें क्रियेट हुई तथा आइन्दा तीन वर्ष में कितनी और होंगी। इसका जवाब तो आया नहीं है। यह जवाब पहले दे दें।

श्री भागवत झा आजाद : अध्यक्ष महोदय, मैंने यह बताया उनको कि अभी तत्काल पांच वर्ष के अन्तर्गत जो 11 योजनायें हैं उन में जो इन्टीग्रेटेड रूरल डेवलपमेंट प्रोग्राम है उसके अन्तर्गत 1 करोड़ 50 लाख परिवारों को लाभान्वित करने की सम्भावनायें हैं। उनको यह भी मैंने बताया कि दूसरे जो प्रोग्राम हैं आपरेशन फ्लड डेयरी डेवलपमेंट प्रोजेक्ट है उसके अन्तर्गत 80 लाख और दूसरे डेयरी डेवलपमेंट प्रोग्राम में 50 लाख है....

श्री मोहम्मद असरार अहमद : अध्यक्ष महोदय, मेरा यह प्रश्न नहीं है। मेरा यह प्रश्न है कि इन स्कीमों के अन्तर्गत पिछले दो वर्ष में कितने लोगों को रोजगार इन 11 योजनाओं के अन्तर्गत दिया गया ?

अध्यक्ष महोदय : असरार साहब इसरार कर रहे हैं, और आप लोग बात कर रहे हैं।

श्री भागवत झा आजाद : आंकड़ों के आधार पर यह कहा जा सकता है कि औद्योगिक उत्पादन में 1981-82 में 8 प्रतिशत की वृद्धि हुई, 1979-82 में 1.4 प्रतिशत घटाव की तुलना में। इसके कारण स्माल स्केल यूनिट्स में जहां 1979-80 में 21,635 करोड़ रुपये का उत्पादन हुआ वहां पर 23,569 करोड़ रुपये का उत्पादन 1980-81 में हुआ।

SHRI NARAYAN CHOUBEY : Let the Minister say that he has no figures. We shall accept that.

MR. SPEAKER : Let him finish first.

**श्री भागवत झा आजाद** : यह बात समझने की है। (व्यवधान)

**श्री असरार अहमद** : मंत्री जी, पहले आप मेरा प्रश्न सुन लें।

**श्री भागवत झा आजाद** : देखिए एक ही बात को कहने के कई तरीके होते हैं। आपका तरीका अपना है और मेरा भी अपना कहने का तरीका है। मैं यह कह रहा हूं कि योजना के अन्तर्गत (व्यवधान) मैं सीधा ही बता रहा हूं। आप कई दिन के बाद आए हैं, आप सुन लें तो समझ जायेंगे 11 योजनाओं में सम्पूर्ण देश में पिछले दो वर्षों में कितना हुआ, यह बताना सम्भव नहीं है लेकिन इसको इस रूप में कहना सम्भव है कि जिस तरह से स्माल स्केल इण्डस्ट्रीज में 1979-80 में 21,635 करोड़ रुपये का उत्पादन हुआ, 1980-81 में 23,569 करोड़ का उत्पादन हुआ। यह तब सम्भव हुआ जब हमने योजना (6) के अन्तर्गत स्माल स्केल में इतना उत्पादन किया। इसलिए इसमें वृद्धि हुई (व्यवधान) अध्यक्ष महोदय मैं तो आंकड़े दे सकता हूं लेकिन समझने की बात तो अपनी अपनी है।

उदाहरण के लिए दूसरी योजना हैण्ड लूम की है। वहां पर जहां 1979-80 में 290 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई आज 1980-81 में 310 करोड़ की हुई है। मैं कहना चाहता हूँ कि हैण्डलूम का जो प्रोडक्शन है वह भी इसी योजना के अन्तर्गत है और इसमें 1979-80 की तुलना में काफी वृद्धि हुई है। अब आंकड़ों में कितने व्यक्ति लगे अभी वो आंकना सम्भव नहीं है लेकिन कितनी वृद्धि हुई है वह इस बात की परिचायक है कि यह हो रहा है। उदाहरण के लिए 1980-81 में कृषि में 15.4 प्रतिशत की जो वृद्धि हुई.... (व्यवधान)

**श्री राजनाथ सोनकर शास्त्री** : कृषि से उत्पादन का क्या सम्बन्ध है यहां पर ?

MR. SPEAKER : No....I have not allowed. Production is related to employment. Without production there can be no employment. Production is the main thing.

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** : यह सम्भव हो सकता है कि उत्पादन बढ़ जाए और उत्पादन में लगे हुए हाथ कम हो जायें। यह सम्भव हो सकता है।

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY : Production may increase but employment may decrease.

**श्री भागवत झा आजाद** : अब स्पष्ट हो गया। माननीय सदस्य का कहना है कि अगर कृषि में उत्पादन की वृद्धि हुई तो उसका एम्पलायमेन्ट से क्या सम्बन्ध है। समझने का फेर यहीं पर आ जाता है। मैं आंकड़े दे रहा हूँ (व्यवधान) उदाहरण के लिए जहां एम्पलायमेंट एक्सचेंजेज में 162 लाख 1980 में थे, 1981 में 178 लाख हो गए मालूम होता है कि वृद्धि हुई लेकिन प्रश्न यह है कि जहां 1979-80 में 13 प्रतिशत की वृद्धि हुई वहां 1980-81 में रोजगार पाने वालों की, इसमें 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई, बाकी 3 प्रतिशत रोजगार

अधिक हुआ। उदाहरण के लिए आर्गेनाइज्ड सेक्टर में 1980-81 में 6 लाख की वृद्धि हुई। अब तो आप संतुष्ट हैं? जहां पर 223.2 लाख 1980 में थे, अब 229.2 लाख 1981 में हैं, यानी आर्गेनाइज्ड सेक्टर में 6 लाख की वृद्धि की है। इस प्रकार आप देखेंगे कि ये जो सारे आंकड़े हैं, वे इस बात के द्योतक हैं कि इन दो वर्षों में रोजगार मुहैय्या होने में काफी वृद्धि हुई है।

**श्री मोहम्मद असरार अहमद :** मैं मन्त्री जी से जानना चाहूंगा कि गवर्नमेंट को इसमें क्या दिक्कत हो रही है कि प्रान्तीय सरकारों से दो वर्ष बीत जाने के बाद भी यह आंकड़े नहीं मंगाए कि कहां-कहां कितना रोजगार लोगों को मिलना चाहिए और कितनों को वह मिला है जबकि जिला स्तर पर, प्रान्तीय स्तर पर और केन्द्रीय स्तर पर कमेटियां बनी हुई हैं। उन्होंने इस बारे में क्या काम किया है और क्या मोनीटियरिंग किया है और इसका कोई एसेसमेंट किया है या नहीं?

**श्री भागवत झा आजाद :** मैंने यह बताया है साफ साफ कि आर्गेनाइज्ड सेक्टर में जोब वेज अर्नर्स की जो बात है, उसमें 6 लाख की वृद्धि हुई है और मैंने यह भी बताया कि लाइव रजिस्टर जो एम्पलायमेंट एक्सचेंज के हैं।....(व्यवधान) ..अब आप की समझ में नहीं आता, तो मैं क्या करूं

I can only give you the facts and figures. I cannot give you the brain. What can I do for that?

**श्री हरिकेश बहादुर :** मान्यवर, मन्त्री जी ने जो अभी जवाब दिया है, उससे ऐसा लगता है कि बेरोजगारी की यह समस्या छठी पंचवर्षीय योजना में भी समाप्त होने वाली नहीं है लेकिन सवाल इस बात का है कि कुछ राज्य सरकारें बेरोजगारी का भत्ता देती हैं क्योंकि बेरोजगारी को वे समाप्त नहीं कर पा रही हैं। मैं मन्त्री जी से जानना चाहता हूं कि क्या केन्द्रीय सरकार इस दिशा में सोच रही है और उसके सामने ऐसा कोई प्रस्ताव है कि अगर वह रोजगार नहीं दे सकती तो लोगों को बेरोजगारी का भत्ता दे? इस बारे में मन्त्री जी बताएं।

**श्री भागवत झा आजाद :** अध्यक्ष महोदय एम्पलायमेंट एक्सचेंजेज के लाइव रजिस्टर पर इतने लोग अभी हैं कि अगर हम सिर्फ उनको ही 100 रुपये प्रति मास भत्ता दें, जो लाइव रजिस्टर पर एक साल और उससे अधिक से हैं तो 1300 करोड़ रुपये का रेकिंग एक्सपेंडीचर सरकार को प्रति वर्ष करना होगा। सरकार यह समझती है कि बजाए इसके कि 1300 करोड़ रुपये प्रति वर्ष रेकिंग एक्सपेंडीचर अनप्रोडक्टिव चीज पर किया जाए, कोई योजना बनाकर उसमें इतना रुपया खर्च करें, तो उससे अधिक लाभ होगा। इसलिए हम इस योजना के बिलकुल पक्ष में नहीं हैं। प्रान्तीय सरकारें, 10 प्रान्तीय सरकारें इस सम्बन्ध में कुछ कर रही हैं और वे अपनी रिसोर्सेज के अन्तर्गत इसको करती हैं और जब उनकी कोई योजना प्लान के अन्तर्गत आती है, तो वहां हम उनकी सहायता करते हैं अगर योजनाओं में उत्पादन क्षमता है।

**श्री मोतीभाई आर० चौधरी :** अध्यक्ष महोदय, स्पष्ट रूप से बेरोजगारी दूर करने की दिशा में अम्बर चरखे जैसे चरखे का कोई साधन आपको सोचना होगा। जब एक कताई मिल लगाई जाएगी, तो उसमें 4, 5 करोड़ रुपये इन्वेस्टमेंट करने होंगे और

मजदूरी मिलेगी 400 आदमियों को । 4 करोड़ रुपये अगर अम्बर चरखों पर हम लगा दें, तो उस से 4-5 हजार आदमियों को रोजगार मिल सकता है और उनको हम प्रति दिन 5, 7 और 10 रुपया दे सकते हैं । तो क्या सरकार इस दिशा में सोच रही है । जब तक कताई मिल बनाई जाती रहेंगी, तब तक अम्बर चरखे का काम चलने वाला नहीं है और इनमें जो कपड़ा बनता है, उसकी बिक्री भी नहीं होती है । इसकी वजह से भी काम आगे नहीं बढ़ता । इसलिए कुछ रिजर्वेशन हम अम्बर चर्खों के लिए करें कि इतना सूत ये बनाएंगे और उस से कपड़ा बनाया जाएगा ।

इसी तरह से ट्रांसपोर्ट में भी हम कर सकते हैं । बैलगाड़ी या ऊंट-गाड़ी चलाने के लिए एरिया रिजर्व कर दिया जाए कि 50 किलोमीटर के अन्दर यांत्रिक वाहन नहीं चलाए जाएंगे । इस तरह से वहां भी रोजगार के साधन बढ़ सकते हैं । सरकार इस बारे में कुछ सोच रही है ।

**श्री भागवत झा आजाद** : अध्यक्ष महोदय, मुझे प्रसन्नता है कि इतने सारे सदस्यों में से एक सदस्य ने हमारे कार्यक्रम की सराहना की और उनकी समझ में यह बात आई । हमारा एक कार्यक्रम खादी और विलेज इन्डस्ट्रीज वाला है । उन्होंने इसकी सराहना की, इसकी मुझे प्रसन्नता है । इसके अन्तर्गत हम 90 लाख व्यक्तियों को रोजगार देना चाहते हैं । हम इस बात से पूर्णतया सहमत हैं कि अम्बर चरखे के जरिये हम रोजगार दे सकते हैं और इसी लिए हम ट्राइसम योजना के अन्तर्गत देहातों में इस कार्यक्रम के जरिये 2 लाख रूरल यूथस को नौकरी देंगे ।

जो रिजर्वेशन की बात इन्होंने कही है, उस सम्बन्ध में मैं यह कहना चाहता हूं कि इससे सम्बन्धित मंत्री महोदय को मैं यह बात बता दूंगा और वह कह सकते हैं कि इस की संभावना है या नहीं ।

**Proposal to meet domestic needs of steel in the country**

*803. SHRI KRISHNA CHANDRA HALDER : Will the Minister of STEEL AND MINES be pleased to state :

(a) what are the proposals to meet the domestic needs of steel in the country ; and

(b) details thereof ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRIES OF INDUSTRY AND STEEL AND MINES (SHRI CHARANJIT CHANANA) : (a) and (b). The demand for steel in the country for 1982-83 has been assessed at 10.95 million tonnes. There are sizeable stocks awaiting disposal in the plants and stockyards and some imports are in the pipeline. Indigenous production during the year is likely to be of the order of 9.82 million tonnes. Nevertheless, certain categories will be in short supply and there will be surpluses in the case of some. An import programme for the former categories has been prepared, and some quantites are expected to be exported. The domestic requirements of all categories of steel will thus be met.

SHRI KRISHNA CHANDRA HALDER : Mr. Speaker, the Hon. Minister has stated that in 1982-83 the demand will be about 8.95 million tonnes and production of steel this year will be 9.82 million tonnes. I would like to know the production break-up plant-wise. Is it not a fact that 4 m. tonnes of steel is lying in different stockyards the value of which is about Rs. 120 crores? Sir, this year's production is 9.82 m. tonnes and we are already 4 m. tonnes in our hand that means